**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1214**

**25 जुलाई, 2016 को उत्तर के लिए**

**इस्पात परियोजनाओं हेतु पर्यावरण संबंधी अनुमति**

**1214. श्री अनूप मिश्रा:**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में उन इस्पात परियोजनाओं की संख्या कितनी है जो पर्यावरण संबंधी अनुमति की प्रतीक्षा कर रही हैं;

(ख) इस्पात क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयोजन माध्यमों और विशेष खनन क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) उक्त परियोजनाओं हेतु त्वरित पर्यावरण अनुमति हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): देश में ऐसी 22 परियोजनाएं है जिसके लिए पर्यावरण स्वीकृति की प्रतीक्षा की जा रही है।

(ख): स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) रूट के जरिऐ केन्द्र और राज्य सरकारों के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के सहयोग से एकीकृत इस्पात संयंत्रों की स्थापना के लिए 4 खनिज सम्पन्न राज्यों अर्थात छत्तीसगढ़, झारखण्ड, ओडिशा और कर्नाटक की पहचान की गई है। इसमें स्टील एसपीवी और खनन एसपीवी की स्थापना शामिल है। छत्तीसगढ़ में स्टील एसपीवी की स्थापना करने के लिए दिनांक 09.05.2015 और झारखण्ड में दिनांक 28.06.2015 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।

(ग): जिन 22 परियोजनाओ के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रतीक्षा की जा रही है, उनमें से 8 परियोजनाओं की पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) द्वारा सिफारिश की जा चुकी है। शेष मामले दिशानिर्देशों के अनुसार कार्रवाई के विभिन्न चरणों में है। इन स्वीकृतियों में तेजी लाने के लिए अंतर मंत्रालयीन बैठकें आयोजित की जाती है।

***